तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज मनोज ठठेरा बनाम लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर तृतीय जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 254 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.01.21	अपीलार्थी मनोज ठठेरा, पता ढठेरों की गली, कटला बाजार जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 10.11..20 में उसके द्वारा (1) न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर कृषि भूमि रूपान्तरण जोधपुर के प्रकरण संख्या 63 / 1990 निर्णय दिनांक 5 / 5 / 1990 खसरा सं0 146 चौपासनी जागीर जोधपुर की सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर तृतीय जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर तृतीय जोधपुर) आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर तृतीय जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	